आज का मौसम

अधिकतम 28° C
न्यूनतम 26° C
सूर्य अस्त (आज) 7:23
सूर्य उदय (कल) 5:29

दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

अनमोल वचन

"मनुष्य जैसे सोचता है वैसा करता है और वैसा ही हो जाता है इसी से उसका भाग्य बनता है।"

वर्ष : 13 | अंक : 290 | मूल्य : 2 रू | पृष्ठ : 8

बुधवार
8 जुलाई 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 | www.zeetsamachar.com

## संक्षिप्त न्यूज

### दुबई में मचेगी झारखंड के आमों की धूम! एपीडा ने एक्सपोर्ट की 3 मीट्रिक टन की खेप




झारखंड (एजेंसी)। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण ने झारखंड से 2 मीट्रिक टन आम्रपाली आम का व्यावसायिक निर्यात दुबई के लिए कराया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बताया कि ये आम गुमला और देवघर जिलों की महिलाओं द्वारा संचालित 3 किसान उत्पादक कंपनियों से खरीदे गए हैं। इन कंपनियों का विकास बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत किया गया है।

मंत्रालय के अनुसार, इस पहल से किसानों को स्थानीय बाजार की तुलना में लगभग 180 प्रतिशत अधिक मूल्य मिला है। मंत्रालय ने कहा कि यह निर्यात आदिवासी और महिला किसानों को अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मंत्रालय के अनुसार, यह पहल किसान उत्पादक समूहों को निर्यात के लिए तैयार करने, उनकी क्षमता बढ़ाने, और बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के प्रयासों का हिस्सा है। इससे झारखंड के बागवानी क्षेत्र के निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा।

## रणनीतिक साझेदारी होगी और मजबूत: भारत-इंडोनेशिया ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा कर जताया भरोसा



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने आज जकार्ता में हुई वार्ता के दौरान भारत-इंडोनेशिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

दोनों नेताओं ने रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज, कृषि, इस्पात, समुद्री सहयोग और उभरती प्रौद्योगिकियों से संबंधित कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होते देखे। उन्होंने जकार्ता में आईआईएम बेंगलुरु की एक शाखा स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों पक्षों ने विनिर्माण, खाद्य सुरक्षा और डिजिटल प्रौद्योगिकी में सहयोग को मजबूत करने पर भी सहमति जताई।

संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति प्रबोवो ने भारत को एक विश्वसनीय रणनीतिक साझेदार बताया और प्रमुख क्षेत्रों में संबंधों के विस्तार का स्वागत किया।

## अहमदाबाद ब्लास्ट केस: 38 दोषियों की फांसी की सजा पर गुजरात हाईकोर्ट की मुहर, 11 को उम्रकैद





गुजरात (एजेंसी)। गुजरात उच्च न्यायालय ने 2008 के अहमदाबाद सिलसिलेवार बम विस्फोटों के मामले में मंगलवार को विशेष न्यायालय के उस आदेश को बरकरार रखा जिसमें 38 दोषियों को मौत की सजा और 11 अन्य को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

न्यायमूर्ति ए वाई कोगजे और न्यायमूर्ति समीर दवे की खंडपीठ ने निचली अदालत के आदेश के खिलाफ सभी अपीलें खारिज कर दीं और मामले में आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन के सदस्यों को दी गई सजा को बरकरार रखते हुए अपने फैसले को सही ठहराया।

26 जुलाई 2008 को, अहमदाबाद में 70 मिनट के भीतर लगातार हुए 21 बम धमाकों ने तबाही मचा दी थी। इसमें 56 लोग मारे गए और 200 अन्य घायल हो गए थे। शहर के कुछ अस्पतालों को भी निशाना बनाया गया था।

## जम्मू-कश्मीर के डोडा में कुदरत का कहर: बादल फटने से कई घरों और दुकानों को भारी नुकसान



जम्मू-कश्मीर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में तेज वर्षा के कारण मंगलवार सुबह डोडा जिले के थथरी क्षेत्र में बादल फट गया, जिससे कई घरों और दुकानों को नुकसान पहुंचा। हमारे जम्मू संवाददाता के अनुसार बादल फटने से कोई हताहत या घायल नहीं हुआ है।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि स्थिति का जायजा लेने के लिए डोडा के उपायुक्त से बात की और जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत और सहायता देने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को राष्ट्रीय राजमार्ग-244 को साफ करने सहित पुनर्निर्माण कार्य में तेजी लाने और प्रभावित क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए त्वरित उपाय सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

## जयपुर हादसा: अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक फुटपाथ पर चढ़ा, तीन बच्चों ने मौके पर तोड़ा दम, दो की हालत गंभीर



जयपुर(एजेंसी)। जयपुर के श्याम नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार को 200 फीट बाईपास पर तेज रफ्तार ट्रक के फुटपाथ पर चढ़ने से वहां खड़े ३ बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में 2 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। समाचार एजेन्सी के अनुसार तेज रफ्तार ट्रक पहले सड़क किनारे लगी लोहे की रेलिंग तोड़ते हुए फुटपाथ पर चढ़ गया और वहां खड़े लोगों को चपेट मे ले लिया।

घटना की सूचना मिलते ही श्याम नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। गंभीर रूप से घायल दोनों लोगों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे के बाद कुछ देर तक यातायात प्रभावित रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बंधुआ मजदूरी के खिलाफ राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का बड़ा कदम, ईंट-भट्ठों से जुड़े 86 मामलों की होगी सुनवाई

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग 9 जुलाई को हरियाणा के विभिन्न जिलों में ईंट-भट्ठों में कथित बंधुआ मजदूरी से जुड़े 86 मामलों की ऑनलाइन सुनवाई करेगा। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. रामासुब्रमणियन इस वर्चुअल सुनवाई की अध्यक्षता करेंगे।

आयोग ने कहा है कि संबंधित अधिकारी अब तक की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करेंगे। इसमें बंधुआ मजदूरों की पहचान, उन्हें मुक्त कराए जाने और असंगठित श्रमिकों के लिए बनाए गए ई-श्रम पोर्टल पर उनके पंजीकरण की स्थिति शामिल होगी।

सुनवाई के दौरान जिला अधिकारियों द्वारा आयोग की शिकायतों पर की गई कार्रवाई, बंधुआ मजदूरी प्रथा उन्मूलन अधिनियम, 1976 के प्रावधानों के पालन और सर्वोच्च न्यायालय के बंधुआ मुक्ति मोर्चा तथा एशियाड श्रमिक मामलों में दिए गए आदेशों के अनुपालन की भी समीक्षा की जाएगी।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इस ऑनलाइन सुनवाई में राज्य के मुख्य सचिव या उनके प्रतिनिधि, श्रम आयुक्त तथा संबंधित सभी जिलाधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## तृणमूल कांग्रेस से जुड़े संदिग्ध वित्तीय लेनदेन पर ईडी का शिकंजा, कोलकाता और अन्य जगहों पर एक साथ छापे

कोलकाता(एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय ने तृणमूल कांग्रेस के बैंक खातों में संदिग्ध धनराशि के हेरफेर और अनियमित वित्तीय लेनदेन के मामले में मंगलवार को कोलकाता और उसके आसपास के पांच परिसरों पर तलाशी ली।

प्रवर्तन निदेशालय की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि 150 करोड़ रुपये से अधिक की भारी धनराशि संदिग्ध उद्देश्यों के लिए विमानन और यात्रा कंपनियों के माध्यम से भेजी गई है। तलाशी के दौरान केयरवेल एविएशन और उसके निदेशकों के परिसरों के साथ-साथ एक कथित चुनावी ट्रस्ट के परिसरों पर भी कार्रवाई की गई।

## राजनयिक संबंधों को नई मजबूती: विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बहरीन के उप प्रधानमंत्री से की मुलाकात



नई दिल्ली(एजेंसी)। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को बहरीन के उप प्रधानमंत्री खालिद बिन अब्दुल्ला अल खलीफा से मुलाकात की। सोशल मीडिया पोस्ट में डॉ. जयशंकर ने बताया कि मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने क्षेत्रीय स्थिति पर भी अपने विचार साझा किए।

# ग्लोबल मंच पर भारत का बढ़ता कद: कोच्चि में कल से शुरू होगी दो दिवसीय ब्रिक्स महिला मंत्रिस्तरीय बैठक

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत कल से केरल के कोच्चि में शुरू होने वाली दो दिवसीय ब्रिक्स महिला मंत्रिस्तरीय बैठक की मेजबानी करेगा। महिला और बाल विकास मंत्रालय ने बताया कि इस बैठक के दौरान ब्रिक्स सदस्य देशों के मंत्री सहयोग को मजबूत करेंगे और अपने-अपने ब्रिक्स अध्यक्षों के नेतृत्व में महिला नेतृत्व वाले विकास के लिए एक साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएंगे। वे प्रस्तावित परिणामों पर विचार-विमर्श करेंगे और ब्रिक्स सदस्य देशों के बीच सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए रणनीतिक दिशा-निर्देश प्रदान करेंगे।

इस दौरान कई सत्र आयोजित किए जाएंगे ताकि महिलाओं की भागीदारी को मजबूती प्रदान की जा सके। मंत्रिस्तरीय बैठक इसी महीने की ६-७ तारीख को आयोजित ब्रिक्स महिला कार्य समूह की बैठक के बाद हो रही है।

# हरियाणा में विकास कार्यों को गति: सीएम नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में 340 करोड़ से अधिक के प्रस्तावों को हरी झंडी




जीत समाचार ब्यूरो, हरियाणा।
हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेश के विकास और विभिन्न विभागों की खरीद प्रक्रियाओं को लेकर कई बड़े फैसलों पर मुहर लगाई गई है। मुख्यमंत्री आवास पर हुई 'उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति' तथा 'हाई पॉवर्ड वर्क्स परचेज कमेटी' की इस महत्वपूर्ण बैठक में कुल 340 करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों और खरीद प्रस्तावों को प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की गई।

इस बैठक की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पारदर्शिता और मितव्ययिता को प्राथमिकता देते हुए सरकारी खजाने की भारी बचत भी सुनिश्चित की गई है।

**कुशल प्रबंधन से सरकारी खजाने की बड़ी बचत:** बैठक के दौरान विभिन्न विकास कार्यों और खरीद के लिए आए प्रस्तावों पर बारीकी से विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री और समिति के सदस्यों ने विभिन्न बोलीदाताओं के साथ टेबल पर विस्तृत 'नेगोसिएशन' (मूल-भाव) किया। इस गहन बातचीत के उपरांत दरों का पुनर्निर्धारण किया गया, जिसके परिणामस्वरूप गुणवत्ता से समझौता किए बिना राज्य सरकार के लगभग 15.11 करोड़ रुपये की सीधी बचत सुनिश्चित हुई।

**इन विभागों के विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार :** सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में मंजूर किए गए 340 करोड़ से अधिक के बजट को प्रदेश के अलग-अलग विभागों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और जरूरी सामानों की खरीद पर खर्च किया जाएगा। इसमें लोक निर्माण विभाग, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, और शहरी स्थानीय निकाय जैसे प्रमुख विभागों के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शामिल हैं, जिससे आम जनता को सीधे तौर पर बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

**पारदर्शिता और ईमानदारी से हो रहे काम- मुख्यमंत्री :** बैठक के दौरान मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ और समय सीमा के भीतर पूरे होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता के पैसे का एक-एक पैसा ईमानदारी और सही जगह पर इस्तेमाल होना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में मुख्यमंत्री के अलावा संबंधित विभागों के कैबिनेट मंत्री, प्रशासनिक सचिव और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने विभिन्न तकनीकी और वित्तीय पहलुओं पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की समीक्षा बैठक

### दिशा की बैठक में लोकसभा सांसद श्री वरुण चौधरी व राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने की शिरकत।




जीत समाचार अंबाला । जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) का आयोजन पंचायत भवन अम्बाला शहर में किया गया। जिसमें लोकसभा सांसद श्री वरुण चौधरी ने अध्यक्ष के तौर पर तथा सह अध्यक्ष के तौर पर राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने शिरकत की और केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पिछली बैठक के दौरान जिन विषयों पर चर्चा करते हुए दिशा-निर्देश दिए थे उनकी विस्तार से समीक्षा करते हुए जानकारी ली। बैठक में उपायुक्त अजय सिंह तोमर, मेयर अक्षिता सैनी, नगर निगम कमीश्नर विरेन्द्र सहरावत, अतिरिक्त उपायुक्त विराट, नगर परिषद की अध्यक्ष स्वर्ण कौर, डिप्टी सीईओ राजन सिंगला, एसडीएम सतिन्द्र सिवाच, एसडीएम कनिका गोयल, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम शिवजीत भारती मौजूद रहें।






संपादकीयः संपादक की कलम से

## मानसिक स्वास्थ्यः चुप्पी तोड़ने का समय आ गया है

शारीरिक बीमारी को हम तुरंत स्वीकार कर लेते हैं और डॉक्टर के पास भागते हैं, लेकिन मानसिक उलझनों को हम 'अंदरूनी कमजोरी' मानकर छिपाए रखते हैं। आधुनिक जीवन की प्रतिस्पर्धा और सामाजिक अपेक्षाओं ने तनाव, चिंता और अवसाद को एक महामारी की तरह फैला दिया है।

**विश्लेषणः** मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में आज भी एक शर्म की भावनामौजूद है। लोग मदद मांगने से डरते हैं क्योंकि उन्हें डर होता है कि समाज उन्हें 'कमजोर' या 'पागल' समझेगा। यह उपेक्षा अक्सर आत्महत्या या गंभीर मानसिक विकारों का कारण बनती है।स्वास्थ्य का अर्थ केवल बीमारी का न होना नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक संतुलन भी है।

**निष्कर्ष :** हमें एक ऐसा समाज बनाना होगा जहाँ मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात हो सके। स्कूलों, कॉलेजों और दफ्तरों में काउंसलर्स की उपलब्धता होनी चाहिए। मानसिक समस्या को भी सामान्य शारीरिक बीमारियों की तरह ही देखा जाना चाहिए, न कि चरित्र की कमजोरी के रूप में।

–कमल पवार




### शब्दों का जादूगर लेखक व्रजेंद्र गौड़
### लेखक : राजेश गौड़ और सुनील गौड़

व्रजेंद्र गौड़ रेडियो लखनऊ पर नाटक लिखा करते थे जब उन्हें अभिनेता मोतीलाल ने बॉम्बे बुलाया, गौड़ जी के नाटक ढाई लाख से मोतीलाल बहुत प्रभावित थे। उन्होंने गौड़ को अपनी फिल्म सावन लिखने को कहा यह फिल्म हिट हुई और इसके बाद गौड़ जी की बहुत सी फिल्म्स उस दौर की सफल रहीं जैसे संग्राम, परिणीता, कफिला, शमशीर जैसी अन्य सुपरहिट अशोक कुमार अभिनीत फिल्में आईं। सितारों से आगे, हावड़ा ब्रिज आदि।

24 साल तक व्रजेंद्र गौड़ फिल्म उद्योग का हिस्सा थे, जिसमें उन्होंने बिमल रॉय की परिणीता, संग्राम, चाइना टाउन, मंजिल, तीन देवियां, हावड़ा ब्रिज, सरस्वतीचंद्र, शर्मीली, लाल पत्थर, कटि पतंग, अनुराग अंखियों के झरोकों से, द ग्रेट गैम्बलर, दुल्हन वही जो पिया मन भाये, आदि सफल फिल्में लिखीं फिल्म दुल्हन वही जो पिया मन भये के लिए उन्होंने सर्वश्रेष्ठ पटकथा और संवाद के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार जीता।

गौड़ जी ने "कस्तूरी" नामक एक फिल्म का भी निर्देशन किया था जिसमें फिल्म निर्माता शक्ति सामंत उनके सहायक थे। कस्तूरी के अच्छा करने के बावजूद गौड़ जी ने फिर से एक भी फिल्म का प. निर्देशन नहीं किया। गौड़ ने कस्तूरी के बाद मिले निर्देशन के प्रस्तावों को शक्ति को सौंप दिया। जो हमेशा कहते थे की उनकी फिल्मी यात्रा और सफलता के लिए व्रजेंद्र गौड़ जिम्मेदार है

व्रजेंद्र गौड़ की देव आनंद से बहुत अच्छी दोस्ती हो गई और



इसलिए गौड़ ने देव आनंद की कई फिल्में जैसे की 'जाली नोट', 'मंजिल', 'बारिश', 'सरहद', 'तीन देवियां', 'बात एक रात की' वारंट, आदि लिखीं।

देव आनंद ने एक बार कहा था, 'कई लेखक हैं लेकिन गौड़ एक दुर्लभ प्रतिबा था गौड़ ने मेरी बहुत सी फिल्में लिखीं जो सफल हुईं . व्रजेंद्र गौड़ मेरा प्यारा दोस्त था और एक महान लेखक

अभिनेता दिलीप कुमार कहते हैं "व्रजेंद्र गौड़ मेरे बहुत प्यारे दोस्त थे जिन्का निधन कम उमर में हो गया व्रजेंद्र गौड़ भाई लेखकों में एक असली हीरा थे"

अमिताभ बच्चन जी कहते हैं की गौड़ साहब के निधन से फिल्म इंडस्ट्री को बड़ा झटका लगा। वह मेरे करीबी दोस्त थे और में गौड़ साहब की बहुत इज्जत करता हूँ। अब ऐसे लेखक नहीं है इस लिए फिल्मों का स्तर गिर गया है

व्रजेंद्र गौड़ जन्मदिन : 1 अप्रैल

व्रजेंद्र गौड़ निधन : 6 अगस्त

लेखकः राजेश गौड़ और सुनील गौड़

जीत समाचार TV
जीत सच्ची खबर की

जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देंगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख बन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची ख़बर की

मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।

सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।

R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106

Contact us :- +91-98030-25111.

# पंजाब सरकार की प्रोपेगैंडा वैन गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व के मौके पर उनकी शिक्षाओं को घर-घर पहुंचा रही है



जीत समाचार फाजिल्का। पंजाब सरकार की तरफ से संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित राज्य स्तरीय जागरूकता अभियान के तहत, प्रोपेगैंडा वैन आज फाजिल्का जिले के गांव बढ़ा और गांव लालोवाली पहुंची। इस मौके पर दोनों गांवों में बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए और गुरु साहिब के जीवन और शिक्षाओं के बारे में जानकारी ली।

प्रोपेगैंडा वैन के जरिए गुरु रविदास जी के जीवन, बाणी और इंसानियत, बराबरी, सामाजिक न्याय, सेवा, भाईचारा और मेलजोल के संदेश पर आधारित 40 मिनट की असरदार डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। वहां मौजूद लोगों ने डक्यूमेंट्री को बड़े ध्यान और भक्ति के साथ देखा। गांव वालों ने पंजाब सरकार की तरफ से गुरु रविदास जी के महान विचारों और शिक्षाओं को आम लोगों, खासकर युवा पीढ़ी तक पहुंचाने की इस अनोखी कोशिश की बहुत तारीफ की। इस मौके पर पंजाब सरकार के प्रतिनिधियों ने भी लोगों से गुरु रविदास जी की शिक्षाओं को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसे कैंपेन समाज में बराबरी, आपसी प्यार, एकजुटता और सामाजिक मेलजोल की भावना को और मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित पंजाब सरकार की तरफ से चलाया जा रहा यह जागरूकता कैंपेन लोगों को गुरु साहिब के जीवन, सोच और ऊंची शिक्षाओं से जोड़ने की एक अहम कोशिश है। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी ने बराबरी, इंसानियत, सेवा, मेहनत और भाईचारे का संदेश दिया, जो आज के समाज के लिए भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने जिले के लोगों से अपील की कि वे ज्यादा से ज्यादा ऐसे जागरूकता प्रोग्राम में हिस्सा लें और गुरु साहिब की शिक्षाओं को अपनी जिंदगी में अपनाएं।




# पशुओं की सेहत की सुरक्षा और वैक्सीनेशन कैंपेन को नई ताकत मिलेगी: गुरमीत सिंह खुडियां




जीत समाचार लुधियाना। पंजाब सरकार ने राज्य में पशुओं की सेहत की सुरक्षा को और मजबूत करने और ट्रांसपोर्ट के दौरान जानवरों की वैक्सीन की क्वालिटी बनाए रखने के लिए एक बड़ी पहल की है। इसके लिए लुधियाना में पंजाब वेटरनरी वैक्सीन इंस्टीट्यूट में एक डुअल मोड रेफ्रिजरेटेड कोल्ड वैन लॉन्च की गई। इस लेटेस्ट वैन को पंजाब के पशु पालन, डेयरी डेवलपमेंट और मछली पालन मंत्री श्री गुरमीत सिंह खुडियां ने हरी झंडी दिखाकर फील्ड के लिए रवाना किया।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री श्री गुरमीत सिंह खुडियां ने कहा कि पंजाब सरकार पशुपालकों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है और पशुओं को फैलने वाली बीमारियों से बचाने के लिए एक असरदार वैक्सीनेशन सिस्टम को और मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नई डुअल मोड रेफ्रिजरेटेड कोल्ड वैन बिना किसी रुकावट के वैक्सीन की कोल्ड चेन को बनाए रखेगी, जिससे वैक्सीन के असर और क्वालिटी में कोई कमी नहीं आएगी।

उन्होंने कहा कि इस वैन को खास तौर पर ट्रांसपोर्ट के दौरान 2 से 8 डिग्री सेल्सियस का लगातार टेम्परेचर बनाए रखने के लिए डिजाइन किया गया है। इसके जरिए पंजाब वेटरनरी वैक्सीन इंस्टीट्यूट, लुधियाना से राज्य के अलग-अलग जिलों में जानवरों की वैक्सीन और दूसरे बायोलॉजिकल प्रोडक्ट की सुरक्षित और समय पर सप्लाई पक्की की जाएगी।

एस. खुडियां ने कहा कि पशुपालकों की आर्थिक सुरक्षा सीधे तौर पर पशुओं की सेहत से जुड़ी है। फुट एंड माउथ डिजीज, पार्वोवायरस, ब्रुसेलोसिस, क्लासिकल स्वाइन फीवर, च्व्ह हैजा और लम्पी स्किन डिजीज जैसी फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए असरदार वैक्सीनेशन जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह हाई-टेक कोल्ड वैन राज्य भर में भेजी जा रही वैक्सीन की सुरक्षा और असर को पक्का करने में अहम भूमिका निभाएगी और जानवरों की हेल्थकेयर के इंफ्रास्ट्रक्चर को महडर्न बनाने की दिशा में एक और अहम कदम साबित होगी। इस मौके पर एनिमल हस्बैंड्री डिपार्टमेंट के डायरेक्टर डॉ. परमदीप सिंह वालिया ने कहा कि इस कोल्ड वैन के जुड़ने से राज्य के कोने-कोने में हाई क्वालिटी वेटेरिनरी वैक्सीन को सुरक्षित तरीके से सप्लाई करना मुमकिन होगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लगातार कोल्ड चेन की जो जरूरत महसूस हो रही थी, वह अब पूरी हो गई है, जिससे डिपार्टमेंट समय-समय पर चलाए जाने वाले वैक्सीनेशन प्रोग्राम को और असरदार तरीके से लागू कर पाएगा। इससे जानवरों की सेहत में सुधार होगा, डेयरी और जानवरों की प्रोडक्टिविटी बढ़ेगी, मौत की दर कम होगी और किसानों की इनकम बढ़ेगी।

उद्घाटन समारोह के दौरान जॉइंट डायरेक्टर डॉ. हरवीन कौर धालीवाल, सीनियर ऑफिसर डॉ. जगदीप सिंह खैरा, डॉ. सुखविंदर सिंह, डॉ. दीपक जांगड़ा, डॉ. अनुपमा, डॉ. अनिल गुप्ता, डॉ. प्रितपाल सिंह और पंजाब वेटेरिनरी वैक्सीन इंस्टीट्यूट, लुधियाना के दूसरे ऑफिसर और सारा स्टाफ भी शामिल हुआ।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

## गुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित पंजाब सरकार की 3 डॉक्यूमेंट्री वैन को हरी झंडी दिखाकर जिले के अलग-अलग गांवों के लिए रवाना किया।



जीत समाचार जालंधर। पंजाब के बागवानी, स्वतंत्रता सेनानी और रक्षा सेवा कल्याण मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने आज स्थानीय रेड क्रहस भवन से श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित पंजाब सरकार की 3 डॉक्यूमेंट्री वैन को हरी झंडी दिखाकर जिले के अलग-अलग गांवों के लिए रवाना किया। इस मौके पर अपने भाषण में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि ये वैन गांव-गांव जाकर लोगों को श्री गुरु रविदास महाराज जी के जीवन, दर्शन और शिक्षाओं के बारे में जागरूक करेंगी। श्री भगत ने कहा कि ये वैन मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार के श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को बड़े पैमाने पर मनाने के वादे के तहत पूरे राज्य में चलाई गई हैं। उन्होंने कहा कि स्क्व स्क्रीन लगी इन वैन के जरिए श्री गुरु रविदास जी के जीवन, दर्शन और शिक्षाओं पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई जाएगी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को जालंधर जिले में तीन वैन भेजी गई हैं, जो सबसे पहले नकोदर, करतारपुर और आदमपुर गांवों में जाएंगी और हर वैन के जरिए रोजाना दो गांवों में यह खास डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई जाएगी।

# नगर पंचायत रईया के प्रेसिडेंट, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और वाइस प्रेसिडेंट ने पदभार संभाला

### एमएलए दलबीर सिंह टोंग ने नए चुने गए पदाधिकारियों को बधाई दी, विकास कार्यों के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिया



जीत समाचार अमृतसर।नगर पंचायत रईया के नए चुने गए प्रेसिडेंट, श्री संजीव भंडारी, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट श्रीमती सरबजीत कौर और वाइस प्रेसिडेंट सूबेदार सरबजीत सिंह ने मंगलवार को पदभार संभाल लिया। इस मौके पर विधानसभा क्षेत्र बाबा बकाला साहिब के एमएलए, श्री दलबीर सिंह टोंग खास तौर पर मौजूद थे और उन्होंने नए चुने गए पदाधिकारियों को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

इससे पहले, नगर पंचायत ऑफिस में श्री सुखमनी साहिब जी का भोग डाला गया और रागी जत्थों द्वारा गुरबानी कीर्तन से संगत का मनोरंजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में निवासी, पार्षद और गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

समारोह को संबोधित करते हुए, एमएलए श्री दलबीर सिंह टोंग ने नए चुने गए पदाधिकारियों से नगर रईया के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी लगन, ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार शहरी विकास के लिए पूरी तरह समर्पित है और नगर रइया के विकास कार्यों के लिए फंड की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्री संजीव भंडारी, सीनियर उपाध्यक्ष श्रीमती सरबजीत कौर और उपाध्यक्ष सूबेदार सरबजीत सिंह ने एमएलए श्री दलबीर सिंह टोंग और सभी पार्षदों का धन्यवाद किया और उन्हें भरोसा दिलाया कि वे लोगों द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और सेवा भावना से पूरा करेंगे और शहर के विकास को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाएंगे।

# श्री गुरु रविदास जी महाराज का संदेश सभी लोगों तक पहुंचेगा - तेजिंदर मेहता, हरपाल विर्क

### -चेयरमैन मेहता, विर्क और एडीसी मान ने तीन डॉक्यूमेंट्री वैन को हरी झंडी दिखाई

जीत समाचार पटियाला।पंजाब सरकार की तरफ से श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को ऐतिहासिक और श्रद्धा के साथ मनाने के लिए चलाई जा रही तीन मोबाइल डॉक्यूमेंट्री वैन को डिस्ट्रिक्ट प्लानिंग कमेटी के चेयरमैन तेजिंदर मेहता, इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के चेयरमैन हरपाल सिंह विर्क और एडीसी दमनजीत सिंह मान ने यहां डिप्टी कमिश्नर ऑफिस से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर तेजिंदर मेहता और हरपाल विर्क ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की लीडरशिप में पंजाब सरकार की तरफ से श्री गुरु रविदास जी महाराज का संदेश पूरे समाज तक पहुंचाने के लिए खास कोशिशें की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इसके तहत आज भेजी गई 3 मोबाइल डॉक्यूमेंट्री वैन पटियाला जिले के सभी गांवों में जाएंगी। मेहता और विर्क ने कहा कि इन वैन के जरिए, जिन्हें मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कुछ दिन पहले लहन्च किया था, गुरु जी के बराबरी, सामाजिक न्याय, भक्ति और दुनिया भर में एकता का हमेशा रहने वाला संदेश राज्य के कोने-कोने तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम खुशकिस्मत हैं कि हमें श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी वर्षगांठ और अब श्री गुरु रविदास जी का 650वां प्रकाश पर्व मनाने का मौका मिल रहा है। तजिंदर मेहता ने कहा कि इसका मकसद यह पक्का करना है कि हर घर, खासकर युवा पीढ़ी, गुरु के बिना भेदभाव वाले बराबरी वाले समाज के सपने से प्रेरित हो। उन्होंने कहा कि यह पहल भगवंत मान सरकार द्वारा 650वें प्रकाश पर्व के लिए



साल भर चलने वाले प्रोग्राम का एक अहम हिस्सा है, जिसके लिए श्री गुरु रविदास जी महाराज की हमेशा रहने वाली विरासत का सम्मान करने और उनके संदेश को ज़्यादा से ज़्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए कई इवेंट के लिए 100 करोड़ रुपये रखे गए हैं। हरपाल सिंह विर्क ने कहा कि श्री गुरु रविदास जी महाराज ने पूरी इंसानियत और समाज के सभी वर्गों की भलाई के लिए बराबरी का संदेश दिया, जिससे बराबरी के मूल्यों पर आधारित समाज बना। उन्होंने एक ऐसे आदर्श समाज का आइडिया दिया जहां किसी को तकलीफ न हो और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ऐसे महान गुरु को सच्ची श्रद्धांजलि देती है जिन्होंने ऐसा सपना देखा था। इस मौके पर ।क्व दमनजीत सिंह मान ने कहा कि पटियाला के सभी गांवों में स्क्वे वाली खास तौर पर डिजाइन की गई मोबाइल वैन के जरिए श्री गुरु रविदास जी महाराज के जीवन, सोच और पवित्र शिक्षाओं पर आधारित 30 मिनट की डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई जाएगी। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट ट्रेड कमीशन मेंबर निर्मल झनेरी, आप डिस्ट्रिक्ट सोशल मीडिया इंचार्ज सुमित टकेजा, मनीष गर्ग, ब्लहक समिति पटियाला रूरल के चेयरमैन गुरविंदर सिंह गोबिंद, ब्लहक समिति मेंबर शलिंदर सिंह, यूथ विंग प्रेसिडेंट करण सिंह, मनप्रीत सिंह, चशपिंदर सिंह, लाभ सिंह, सुखमीत सिंह, ब्लहक प्रेसिडेंट हेम राज और सुरजीत गुरु डकाला के साथ दूसरे लीडर भी मौजूद थे।

## कैबिनेट मंत्री यादविंदर गोमा ने जयसिंहपुर को दी स्वास्थ्य सुविधाओं की बड़ी सौगात

# 50 लाख से बनी ब्लॉक मेडिकल इकाई और 15 लाख की पोर्टेबल एक्स-रे मशीन का किया शुभारंभ

जीत समाचार जयसिंहपुर(अभिषेक न्यूज एडिटर)। जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री यादविंदर गोमा ने एक बड़ा कदम उठाया है। क्षेत्र में उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए, कैबिनेट मंत्री ने मंगलवार को सिविल अस्पताल जयसिंहपुर में 50 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित खंड लोक स्वास्थ्य इकाई (ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर कार्यालय) का विधिवत शुभारंभ किया।



इस नई प्रशासनिक और स्वास्थ्य इकाई के शुरू होने से क्षेत्र के ग्रामीण स्तर तक स्वास्थ्य प्रबंधन और योजनाओं के क्रियान्वयन में बड़ी तेजी आएगी। मंत्री गोमा ने कहा कि जयसिंहपुर की जनता को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं देना उनका मुख्य लक्ष्य है ताकि स्थानीय लोगों को इलाज के लिए बड़े शहरों का रुख न करना पड़े।

**१५ लाख की पोर्टेबल एक्स-रे मशीन लोकार्पित, घर द्वार पर होगी जांचः** इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री यादविंदर गोमा ने 15 लाख रुपये की लागत वाली अत्याधुनिक 'हैंड हेल्ड' (पोर्टेबल) एक्स-रे मशीन भी जनता को समर्पित की। इस आधुनिक मशीन की खासियत बताते हुए उन्होंने कहा कि अब स्वास्थ्य विभाग की टीमें जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में घर-घर जाकर लोगों की टीबी (क्षय रोग) जैसी गंभीर बीमारी की ऑन-स्पॉट स्क्रीनिंग कर सकेंगी। इससे दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बुजुर्गों, महिलाओं और मरीजों को अस्पताल के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे और उनके घर द्वार पर ही बीमारी का समय रहते पता लगाया जा सकेगा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी और स्थानीय गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

## धर्मशाला चोरी मामले का सफल खुलासा, 2 आरोपी गिरफ्तार

### 15 तोला सोना और 1 किलो चांदी, जांच जारी



जीत समाचार ब्यूरो, धर्मशाला/कांगड़ा। जिला मुख्यालय धर्मशाला में दर्ज चोरी के एक बड़े मामले में कांगड़ा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले का सफल खुलासा करते हुए दो आरोपियों को दबोच लिया है। पुलिस की इस मुस्तैद कार्रवाई से क्षेत्र के व्यापारियों और आम जनता ने राहत की सांस ली है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से चोरी का भारी मात्रा में माल बरामद किया गया है। इसमें करीब 15 तोला सोना, 1 किलोग्राम चांदी और चोरी का अन्य कीमती सामान शामिल है। पुलिस की विशेष टीम ने वैज्ञानिक साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और सटीक इनपुट के आधार पर जाल बिछाकर दोनों शातिरों को दबोचने में कामयाबी हासिल की।

**सुरक्षा को लेकर पुलिस मुस्तैद :** मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगामी पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस चोरी में क्या कोई और भी शामिल था या आरोपियों ने पहले भी ऐसी वारदातों को अंजाम दिया है। कांगड़ा पुलिस ने साफ संदेश दिया है कि अपराध करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और जिले में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# एचपीपीटीसीएल ने सुख-आश्रय कोष के लिए दिए 95 लाख रुपये

# मुख्य सचिव कमलेश कुमार पंत ने सौंपा चेक, निराश्रित बच्चों के कल्याण में मिलेगी बड़ी मदद

जीत समाचार ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीपीटीसीएल) ने अपनी कहर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत एक सराहनीय कदम उठाया है। कॉर्पोरेशन की ओर से मुख्य सचिव कमलेश कुमार पंत ने मुख्यमंत्री सुख-आश्रय कोष के लिए 95 लाख रुपये का चेक भेंट किया।

इस महत्वपूर्ण योगदान से प्रदेश में सुख-आश्रय योजना के अंतर्गत आने वाले अनाथ व निराश्रित बच्चों तथा अन्य लाभार्थियों की देखभाल, बेहतर शिक्षा, कल्याण और सहयोग को सुनिश्चित करने में बड़ी वित्तीय सहायता मिलेगी। सामाजिक सरोकारों को बढ़ावा देने के लिए एचपीपीटीसीएल के इस प्रयास की चारों ओर सराहना की जा रही है।

**गरिमापूर्ण अवसर पर गणमान्य रहे मौजूदः** चेक सौंपने के इस विशेष अवसर पर प्रदेश के लोक निर्माण (पीडब्ल्यूडी) मंत्री विक्रमादित्य सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ सरकार के सचिव (विद्युत) राकेश कंवर, एचपीपीटीसीएल के प्रबंध निदेशक (एमडी) आबिद हुसैन सादिक और कॉर्पोरेशन के उप महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) अनिल कुमार शर्मा भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि कॉर्पोरेशन भविष्य में भी सामाजिक कल्याण और विकास के कार्यों में अपनी सहभागिता इसी प्रकार निभाता रहेगा।









# शहीदों के सरताज गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी पर्व पर भरमाड़ा

## गुरुद्वारे में कार सेवा, राहगीरों के लिए लगाया 80 लीटर का वाटर कूलर

जीत समाचार ज्वाली (अभिषेक)। सिखों के पांचवें गुरु एवं शहीदों के सरताज श्री गुरु अर्जुन देव जी महाराज के 420वें शहीदी गुरुपर्व के पावन अवसर पर गुरुद्वारा बौड़ साहिब भरमाड़ा में श्रद्धा, सेवा और समर्पण के साथ कार सेवा का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक और धार्मिक अवसर पर श्री दशमेश हिमाचल हेल्प फाउंडेशन और क्षेत्र की संगत ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और गुरु घर की सेवा में अपना अद्वितीय योगदान दिया।



**यात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था:** गुरुपर्व के पावन अवसर पर सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए श्री दशमेश हिमाचल हेल्प फाउंडेशन एवं गुरु की संगत के सहयोग से 80 लीटर क्षमता का वाटर कूलर भेंट किया गया।

**स्थान:** इस वाटर कूलर को 32 मील-रानीताल राज्यमार्ग स्थित भरमाड़ा क्षेत्र में स्थापित किया गया है।

**उद्देश्य:** भीषण गर्मी के इस मौसम में मार्ग से गुजरने वाले यात्रियों, राहगीरों और श्रद्धालुओं को ठंडा एवं स्वच्छ पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सके। स्थानीय लोगों ने इस पहल को मानव सेवा की दिशा में एक बहुत ही सराहनीय कदम बताया है।

**कार सेवा और निर्माण कार्य में सहयोग की अपील:** फाउंडेशन के डायरेक्टर बलबीर सिंह तथा रणबीर सिंह राणा ने बताया कि गुरुद्वारा साहिब में निर्माण कार्य लगातार प्रगति पर हैं, जिसमें संगत का भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने अपील की है कि जो भी श्रद्धालु गुरु घर की सेवा और निर्माण कार्य में अपना योगदान देना चाहते हैं, वे आर्थिक सहायता अथवा निर्माण सामग्री के रूप में अपना सहयोग कर सकते हैं।

**मानव सेवा के लिए एक छोटी सी कोशिश:** श्री दशमेश हिमाचल हेल्प फाउंडेशन की तरफ से गुरुद्वारा बौड़ साहिब में कार सेवा निरंतर चल रही है। संस्था ने श्मानव सेवाश के हित में पानी की इस निशुल्क सेवा को सुचारू रूप से चलाने के लिए संगत से मात्र 5 रुपये का सहयोग देने की अपील की है।

**सहयोग के लिए बैंकिंग विवरण:** इच्छुक श्रद्धालु जो इस कार सेवा और जरूरतमंदों की सेवा में अपना योगदान देना चाहते हैं, वे नीचे दिए गए विवरण पर सहायता राशि भेज सकते हैं। खाता संख्या : 6286002100000979, आईएफएससी कोड: पीयूएनबी0628600।

**''सरबत दा भला'' की भावना से होती रहेगी जरूरतमंदों की सेवा:** इस अवसर पर विश्व एकता मानव सेवा काउंसिल पांवटा साहिब के डायरेक्टर रणबीर सिंह राणा ने भी इस वाटर कूलर सेवा में अपना विशेष सहयोग प्रदान किया। उन्होंने गुरु साहिब की महिमा का गुणगान करते हुए कहा गुरु साहिब की शिक्षाएं हमें हमेशा मानवता, सेवा और परोपकार का संदेश देती हैं। 'सरबत दा भला' (सभी का कल्याण) की भावना को अपने जीवन में अपनाकर समाज और जरूरतमंदों की सेवा करना ही गुरु साहिब को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है।

उन्होंने आगे जोर देकर कहा कि गुरुद्वारे केवल धार्मिक आस्था के केंद्र ही नहीं हैं, बल्कि ये समाज सेवा और मानव कल्याण की सबसे बड़ी प्रेरणा देने वाले संस्थान हैं। फाउंडेशन के सदस्यों ने यह संकल्प दोहराया कि समाज के गरीब, लाचार और जरूरतमंदों की सेवा का यह सिलसिला आगे भी इसी तरह निरंतर जारी रहेगा, ताकि समाज में भाईचारे, सहयोग और आपसी प्रेम की भावना को और अधिक मजबूती दी जा सके।

इस कार सेवा के दौरान वाटर कूलर भेंट करते समय फाउंडेशन के तमाम सदस्य, सेवादार और स्थानीय संगत विशेष रूप से उपस्थित रही।

# हरोली कॉलेज को मिली पीजीडीसीए की मंजूरी, इसी सत्र से शुरू होंगी कक्षाएं

जीत समाचार ऊना(ब्यूरो)। हरोली विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक और महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि जुड़ गई है। डॉ. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय हरोली में शैक्षणिक सत्र 2026–27 से पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशंस (पीजीडीसीए) की कक्षाएं शुरू होंगी। इसके लिए 30 सीटों के लिए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने महाविद्यालय को प्रोविजनल एफिलिएशन प्रदान कर दी है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि यह उपलब्धि हरोली को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान देने के साथ-साथ युवाओं को आधुनिक एवं रोजगारोन्मुखी कंप्यूटर शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। उल्लेखनीय है कि लगभग 12.70 करोड़ रुपये की लागत से राजकीय महाविद्यालय हरोली का नया भवन लगभग तैयार है। कॉलेज परिसर को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आधुनिक स्टेज, ओपन जिम, वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन कोर्ट तथा अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त कैंपस कैफेटेरिया का भी निर्माण किया जा रहा है।



उपमुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में महाविद्यालय में बीए, बी.कहम, बीसीए, बीबीए, बी.एससी. (मेडिकल एवं नहन-मेडिकल), एम.कहम तथा राजनीति शास्त्र, अंग्रेजी, इतिहास एवं हिंदी विषयों में एम.ए. की पढ़ाई करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इसी शैक्षणिक सत्र से पीजीडीसीए के साथ-साथ बी.एससी. कंप्यूटर साइंस की कक्षाएं भी आरंभ की जाएंगी। इसके अतिरिक्त बहटनी, केमिस्ट्री, फिजिक्स तथा जूलहजी विषयों के लिए अत्याधुनिक मॉड्यूलर साइंस लैब्स स्थापित करने की भी स्वीकृति प्रदान की गई है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इन नई शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं से विद्यार्थियों को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध होगी। साथ ही, उन्हें कंप्यूटर एवं विज्ञान आधारित उच्च शिक्षा के लिए अन्य स्थानों पर जाने की आवश्यकता भी काफी हद तक कम होगी।